कार्यालयः प्राचार्य, एस.बी.डी. राजकीय महाविद्यालय,सरदारशहर (चूरू)
Ph. 01564-22002 https://hte.rajasthan.gov.in/college/gcsardarsahar email = sbdgcs@gmail.com

दिनांकः 26.11.2022

प्रेस नोट

एस.बी.डी. राजकीय महाविद्यालय, सरदारशहर में आज दिनांक 26.11.2022 को प्राचार्य डॉ. वी. के. स्वामी की अध्यक्षता में **संविधान दिवस** पर भारत सरकार के संसदीय कार्य मंत्रालय की ओर से आयोजित **ऑनलाइन प्रश्नोतरी** प्रतियोगिता लोक प्रशासन एवं हिन्दी विभाग के संयुक्त तत्वावधान में आयोजित की गयी। प्रतियोगिता में विद्यार्थियों से भारतीय संविधान के बारे में प्रश्न पूछे गये। प्रतिभागियों ने हाथोंहाथ ऑनलाइन प्रमाण पत्र डाउनलोड किये। इसमें 34 विद्यार्थियों ने भाग लिया। इस अवसर पर डॉ. वी. के. स्वामी, डॉ. देवी शंकर शर्मा, अमरचन्द कुमावत, गजानन्द शर्मा, कमलेश कुमार जोशी, देवीलाल रोझ, ने विद्यार्थियों को भारतीय संविधान के बारे में जानकारी दी। इसी कार्यक्रम के समानान्तर डॉ. भीमराव अम्बेडकर की स्मृति में **'राष्ट्र की एकता एवं अखंडता में डॉ. अम्बेडकर का योगदान'** विषय **पर निबंध प्रतियोगिता** आयोजित की गयी। विद्यार्थियों ने प्रतियोगिता में उत्साहपूर्ण सहभागिता की। निबंध प्रतियोगिता का संयोजन श्री शेरसिंह एवं डॉ. सुनिता मीणा ने किया।

प्राचार्य

प्राचार्य
से.बु.दु.रा. स्नातकोत्तर महाविद्यालय
सरदारशहर,चूरु